लोक सभा अध्यक्ष ने मंडी से सांसद श्री राम स्वरूप शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया

नई दिल्ली, 17 मार्च, 2021: लोक सभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला ने मंडी से वर्तमान सांसद श्री राम स्वरूप शर्मा के निधन पर शोक व्यक्त किया है। अपने संदेश में श्री बिरला ने श्री राम स्वरूप शर्मा जी को श्रद्धांजलि देते हुए कहा:

"हिमाचल प्रदेश के मंडी से वर्तमान सांसद श्री राम स्वरूप शर्मा जी के निधन पर शोक व्यक्त करता हूँ। श्री राम स्वरुप शर्मा वर्तमान लोक सभा के सदस्य थे तथा 16 वीं लोक सभा के भी सदस्य थे। एक सक्षम सांसद, श्री शर्मा विदेश मामलो सम्बन्धी विभागीय स्थायी समिति के भी सदस्य थे।

ईश्वर, उनकी पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दे एवं परिजनों को इस आघात को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

!!ॐ शांति!!"